# एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

## निर्माण या सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाइयों के लिए अवसर

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा यूपी की छोटी इकाइयों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन एमएसएमई इकाइयों को दिया जाएगा जो निर्माण या सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, तकनीकी रूप से दक्ष हैं अथवा निर्यात में योगदान दे रही हैं। पुरस्कारों में महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग उद्यमियों के लिए विशेष श्रेणियां भी तय की गई हैं। प्रथम पुरस्कार पर तीन लाख का इनाम मिलेगा।

मंत्रालय ने राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार-2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार देश की उन एमएसएमई इकाइयों को दिया जाएगा जो निर्माण या सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को मिल रहे प्रोत्साहन और योजनाओं के चलते प्रदेश की इकाइयों के पास राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का यह अच्छा अवसर है। पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली इकाई को तीन लाख, द्वितीय स्थान के लिए दो लाख और तृतीय स्थान के लिए एक लाख रुपये की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एक इकाई एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकती हैं, लेकिन चयन एक ही श्रेणी में किया जाएगा।

निर्माण क्षेत्र के लिए 12, सेवा क्षेत्र के लिए 9 तथा विशेष श्रेणियों के लिए 10 पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वाली इकाइयों को प्रतीक चिह्न युक्त लेबल, लोगो आदि के उपयोग की अनुमति भी दी जाएगी।

### 13 मई तक किए जा सकेंगे आवेदन

आवेदन के लिए वैध उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र, पर्यावरणीय अनुमति, औद्योगिक लाइसेंस, अग्निशमन या विस्फोटक प्रमाणपत्र, ईएसआई व पीएफ संबंधित सामाजिक सुरक्षा दस्तावेज आदि जरूरी होंगे। आवेदन करने की अंतिम तारीख 13 मई है। आवेदन केवल ऑनलाइन dashboard.msme.gov.in/na पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।